राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

## भगवान महावीर कैंसर चिकित्सालय द्वारा 'कैंसर जांच आपके द्वार' अभियान की हुई शुरुआत

# कैंसर मुक्त समाज के लिए संकल्पबद्ध हो कर हो प्रयास – राज्यपाल

जयपुर, 3 फरवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने जन–जन में कैंसर रोग के आरंभिक लक्षणों के बारे में जागरूकता लाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा है कि कैंसर गंभीर बीमारी है परन्तु लाइलाज नहीं है। उन्होंने कैंसर मुक्त समाज के लिए संकल्पबद्ध होकर प्रयास किए जाने का आह्वान किया।

राज्यपाल श्री मिश्र ने भगवान महावीर कैंसर चिकित्सालय की ओर से 'कैंसर जांच आपके द्वार' अभियान की शुरुआत के अवसर पर सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आरम्भिक अवस्था में समय रहते यदि कैंसर के बारे में पता चल जाए तो त्वरित इलाज प्रारम्भ हो सकता है और कैंसर से शत–प्रतिशत मुक्ति पाई जा सकती है, यह आधुनिक चिकित्सा विज्ञान से ही संभव हो सका है। उन्होंने कहा कि कीमोथेरेपी, रेडियोथेरेपी और सर्जरी आदि के साथ समुचित दवा और परहेज के जरिए मरीजों में कैंसर को जड़ से समाप्त किया जा रहा है।

राज्यपाल ने कहा कि आत्मबल मजबूत होने से रोग मुक्ति का रास्ता आसान हो जाता है इसलिए मरीजों की समझाइश और मनोपचार पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने रोगोपचार के साथ पारम्परिक भारतीय चिकित्सा विज्ञान से जुड़े ज्ञान का प्रसार करने की भी आवश्यकता जताई। उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवन जीने के लिए यह जरूरी है कि हम अपने आहार–विहार पर भी ध्यान दें। उन्होंने कहा कि भारतीय चिकित्सा शास्त्रों में खान–पान के लिए बताई गई बातों के साथ– साथ योग, ध्यान और व्यायाम को यदि अपना लिया जाए तो गंभीर रोगों के पनपने की आशंका काफी कम हो जाती है ।

राज्यपाल श्री मिश्र ने विशेष बस तैयार कर प्रदेश के गांव–गांव तक पहुंचकर कैंसर जागरूकता और जांच के लिए यह पहल करने पर चिकित्सालय के ट्रस्टी, चिकित्सक एवं नर्सिंग स्टाफ की सराहना की। उन्होंने कहा कि गांव में रहने वाले लोगों को इलाज और जांच के लिए शहर आने में बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, इस दृष्टि से ग्रामीण क्षेत्रों के लिए यह अभियान निश्चित तौर पर महत्वपूर्ण साबित होगा ।

भगवान महावीर अस्पताल के अध्यक्ष श्री नवरतन कोठारी और उपाध्यक्ष श्रीमती अनिला कोठारी ने 'कैंसर जांच आपके द्वार' अभियान की पहल के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा भविष्य में जांच सुविधाओं और ग्रामीण क्षेत्र के लिए बसों का और विस्तार किया जाएगा।

अस्पताल के कार्यकारी निदेशक मेजर जनरल एस. सी.पारीक ने कैंसर चिकित्सालय के कार्यों के बारे में जानकारी देने के साथ ही इस संबंध में तैयार वृत्तचित्र दिखाया।

उल्लेखनीय है कि चिकित्सालय द्वारा प्रारंभ बस में मेमोग्राफी, एक्सरे मशीन और ब्लड जांच उपकरण के साथ चिकित्सक और नर्सिंग स्टाफ की व्यवस्था की गई है।

कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक श्री उमेश मिश्रा, कैंसर केयर महिला प्रकोष्ठ की प्रमुख श्रीमती सुनीता गहलोत, ट्रस्टी श्री विमलचंद सुराणा सहित चिकित्सक एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।

————————